राम मंदिर के लिये सुगंधित चावल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **छत्तीसगढ़** ने 22 जनवरी को होने वाले **राम मंदिर के अभिषेक समारोह** के लिये अयोध्या में **सुगंधित चावल** भेजे गए।

मुख्य बिंदु

- इस अवसर पर अयोध्या राम मंदिर में "**रामजी भोग और भंडारा"** के लिये चावल ले जाने वाले **11 ट्रकों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साई** ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- अयोध्या राम मंदिर के लिये चावल भेजने हेतु **'द राइस मिलर्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़'** द्वारा श्री राम मंदिर में एक अर्पण समारोह का आयोजन किया गया था।
- छत्तीसगढ़ में उत्पादित सर्वोत्तम किस्म के **सुगंधित चावल आर. बी. गोल्ड** को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिये चुना गया है।
- छत्तीसगढ़ का भगवान राम से पौराणिक संबंध है। रायपुर के बाहरी इलाके **चंदखुरी को भगवान राम की माँ कौशल्या देवी** का जन्मस्थान माना जाता है। **चंदखुरी में** विश्व का **एकमात्र एक ऐसा** मंदिर है, जो **कौशल्या देवी को समर्पित** है।
- ऐसा माना जाता है कि भगवान राम ने अपने 14 वर्ष के वनवास काल के दौरान कुछ दिन छत्तीसगढ़ में बिताए थे, जिसे राज्य सरकार ने **"राम गमन पथ"** के रूप में विकसित किया है।
- **'राम गमन पथ'** परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में **248 स्थानों** की पहचान कर उनका विकास करेगी, जहाँ भगवान राम, अपनी पत्नी देवी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने वनवास काल के दौरान रहे थे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aromatic-rice-for-ram-temple